आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 01.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. देश का प्रकृति परीक्षण अभियान में स्वास्थ्य विभाग के आयुष शाखा को देश में प्रथम पुरस्कार मिला।

2. विज्ञान दिवस के अवसर पर विभिन्न संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

3. महिला दिवस के अवसर पर फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से महिला फुटबॉल का आयोजन किया जाएगा।

4. मालवाहक जहाज एमवी चुगलम छह मार्च को कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और एएनएसएएस, राष्ट्रीय आयुष मिशन के आयुष शाखा द्वारा 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यालयों, कॉलेजों, स्कूलों और संस्थानों में प्रकृति मूल्यांकन शिविर आयोजित कर 'प्रकृति मूल्यांकन किया गया और लोगों को व्यक्तिगत सलाह के साथ प्रकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह अभियान स्वास्थ्य सचिव डॉ अनिल अग्रवाल और स्वास्थ्य निदेशक डॉ सुजा एंटनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अभियान के पहले चरण के अंत में द्वीप समूह में प्रकृति आकलन की दर देश के अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे अधिक रही। बीस फरवरी को मुंबई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रॉफी और प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समापन समारोह में आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव और महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश अबितकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयुष के उप निदेशक डॉक्टर कल्याण पी. कदभाने और पंचकर्मा विशेषज्ञ डॉ. रेखा को इस अभियान के तहत केंद्र शासित प्रदेशों और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में असाधारण लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत सरकार के आयुष मंत्री से पुरस्कार प्राप्त हुआ।

<><><><><><><>

विज्ञान केंद्र परिसर में कल विज्ञान दिवस के अवसर पर सर सी.वी. रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव की याद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस वर्ष का विषय था 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना'। इस दौरान स्कूली छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के करीब सात सौ छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के निदेशक डॉ. जतिंदर सोहल मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने विज्ञान सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने नए शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विज्ञान केंद्र के प्रयासों की सराहना की। विज्ञान केंद्र के शिक्षा अधिकारी देबाशीष पॉल ने कहा कि विज्ञान केंद्र प्रत्येक छात्र के लिए अपनी वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए एक सही दिशा प्रदान करता है।

<><><><><><><>

उधर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से वैज्ञानिक जागरूकता एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डाइट गाराचरामा में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें तेईस छात्रों ने भाग लिया। मुख्य समारोह कल जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें विज्ञान दिवस के थीम पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। आईटीआई डॉलीगंज, अंडमान लॉ कॉलेज, अनिम्स, एनकॉल और टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के ग्यारह प्रतिभागियों ने इस सेमिनार में भाग लिया और वैज्ञानिक प्रगति और नवाचार पर चर्चा की। कार्यक्रम में कई वक्तओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

महिला दिवस के अवसर पर अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से महिला फुटबॉल का आयोजन किया जाएगा। आठ मार्च को दोपहर दो बजे से जे एन आर एम फुटबॉल मैदान में ए एफ सी महिला फुटबॉल आरंभ होगा। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का प्रवेश निःशुल्क है। इच्छुक महिला टीमों से छः मार्च तक दिए गए फोन नंबरों पर संपर्क करने को कहा गया है।

उधर, खेल और युवा मामले विभाग की ओर से आठ मार्च को श्री विजयपुरम स्थित नेताजी स्टेडियम परिसर, में महिला दिवस मनाया जाएगा। इस सिलसिले में विभिन्न विभागों की महिला कर्मचारियों और आम जनता के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें अट्ठारह से चालीस वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले सकती है। प्रतियोगिता में फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, साइकिलिंग, सैक रेस और रस्साकशी जैसे खेल शामिल हैं। दूसरी श्रेणी में इकतालीस से साठ वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के लिए वॉकिंग रेस, स्पून मार्बल रेस, रिवर्स वॉकिंग और पासिंग द बॉल जैसी प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। सभी इच्छुक महिलाएं चार मार्च तक अपना नाम डॉ. एस. उषा रानी, के पास मोबाइल नंबर 9531929184 पर पंजीकृत करा सकती हैं।

<><><><><><><>

आगामी आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाएगा। इस सिलसिले में पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने आकाशवाणी समाचार के साथ महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए।

श्रीमती भट्ट के साथ की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते हैं। इसे आज शाम साढ़े छः बजे से प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एमवी चुगलम छह मार्च, को शाम चार बजे हैडो जेट्टी से कार निकोबार, चौरा, टेरेसा, कच्छाल और नानकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा और संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने और चढ़ाने के तुरंत बाद श्री विजयपुरम के लिए रवाना होगा। माल की बुकिंग आज सुबह नौ से दोपहर बारह बजे के बीच की जाएगी। कार्गो की लोडिंग चार मार्च से शुरू होगी।

<><><><><><><>

कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट के बाद वेबिनार का आयोजन आज दिन में ग्यारह बजे नई दिल्ली में किया जाएगा। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य पैनलिस्ट संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मोहनपुरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक परिसर, में किया जाएगा। सभी किसानों, बैंकरों और अन्य हितधारकों से कार्यक्रम में शामिल होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

हाल ही में अण्डमान निकोबार कांग्रेस समिति की संयुक्त सचिव और प्रभारी डॉ. पलक वर्मा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रंगलाल हलदार, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्षा जुबैदा बेगम और युवा नेता अभि भूषण घोष के साथ लिटिल अंडमान का दौरा किया। यात्रा के दौरान विभिन्न पंचायतों में बैठकें आयोजित की गई। इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं से जुड़कर प्रभावी समाधान तैयार करना था।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

स्वास्थ्य विभाग के आयुष शाखा को देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत स्ट्राइक रेट श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने के समाचार को दि डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने भी इस खबर को प्रमुखता दी है। इसके अलावा अखबार ने पर्यावरण एवं वन विभाग के वन रक्षकों के पासिंग आउट समारोह के समाचार को भी प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। जहाजरानी सेवा निदेशालय और

प्रत्तन बोर्ड प्राधिकरण में मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है। छात्रों के लिए क्लीनिकल रिसर्च यूनिट द्वारा जागरूकता सत्र आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया ने अपनी बड़ी खबर बनाया है।

**<><><><><><><>**